# कृषि उपज मंडी व्यवसाई का लहसुन से भरे लापता हुए ट्रक के मामले में पांच गिरफ्तार



पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा कृषि उपज मंडी से डेढ़ माह पूर्व मंडी व्यवसायी का 14 लाख रूपए का लहसुन भरकर लापता हुए ट्रक चालक के मामले में पुलिस ने ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ट्रक मालिक व ड्राईवर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। इन सभी आरोपियो को शनिवार को न्यायालय मे पेश कर चार दिन का रिमांड प्राप्त किया है। पुलिस शीघ्र ही इन आरोपियो से 14 लाख रूपए के लहसुन की राशि बरामद करेगी।

डीएसपी जेपी अटल ने बताया कि कृषि उपज मंडी की फर्म दीपक कुमार आयुष कुमार के संचालक ओमप्रकाश साहू ने 14 जून को स्थानीय श्याम ट्रांसपोर्ट के संचालक कुलदीप आसावत के माध्यम से पुना भेजने के लिए 123 क्विंटल लहसुन ट्रक नम्बर आरजे 11 जीसी 3478 मे लोड करवाया था। परंतु, ट्रक चालक गंतव्य स्थान पर नही पहुंचा और रास्ते में कहीं 14 लाख का लहसुन बैच दिया। मंडी व्यापारियो के आक्रोश को देखते हुए डीएसपी अटल ने सीआई राजेश खटाणा के नेतृत्व में टीम गठित की। पुलिस टीम ने छबड़ा के सभी मार्गां के सीसीटीवी फुटेज एवं मुंडियर, कोलारस, रूठियाई, ब्यावरा तक टॉल नाको पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पुलिस को छबडा से भरी गई गाड़ी के हुलिए जैसा ट्रक कोलारस टॉल पर दिखाई दिया। परंतु, इस ट्रक पर नम्बर प्लेट आरजे 11 जीसी 1943 लगी थी।

पुलिस ने इस टोल से ड्राईवर की फुटेज, फास्टेग की डिटेल आदि रिकार्ड प्राप्त किए। तो इस गाड़ी का मालिक शिवपुरी के नरवर थाना क्षेत्र के मगरोनी निवासी शिवनारायण झा निकला। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि उसकी गाड़ी 8 फरवरी 2024 को जल गई थी। उसकी गाडी पूर्व में सिरसोद निवासी सूर्याप्रकाश धाकड के पास चलती थी। इस पर पुलिस ने ड्राईवर गणेशीलाल पाल को ट्रेस कर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पहले सूर्याप्रकाश धाकड के कहने पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर छबड़ा से माल भरकर लाया था। परंतु, दूसरी बार 14 जून को वह नही गया था। इस पर पुलिस ने सूर्याप्रकाश धाकड से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसके पास तीन गाडियां हैं।

एक गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया हैं, परंतु क्लेम नही मिला। उसने इन गाडियों की किश्ते चुकाने के लिए अपने साथियो के साथ मिलकर प्लान बनाया। उसने पहले उसके पास चलने वाले ट्रक नम्बर आरजे 11 जीसी 3478 के जल जाने का फायदा उठाते हुए उसके नम्बर व चैसिस नम्बर का इस्तेमाल कर छबड़ा से लहसुन भर लिया और रूठियाई के पास नम्बर प्लेट तोड़कर फैंक दी। वही, मोबाईल व सिम कार्ड भी तोड़कर नदी

■ बेहद शातिराना तरीके से वारदात को अंजाम दिया

में फैंक दिए और लहसुन अन्य व्यापारी को बैच डाला। पुलिस ने इस मामले में शिवपुरी क्षेत्र के पिछोर निवासी ड्राईवर गणेशीलाल उर्फ अनिलपाल, नीरज पाल, जयदीप धाकड निवासी सिरसोद, अतरसिंह धाकड निवासी रायपुर थाना बैराड़ जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर लिया हैं। सीआई राजेश खटाना के अनुसार आरोपियो ने बेहद शातिराना तरीके से घटना को अंजाम दिया था। वही कही कोई निशानी नही छोड़ी थी परंतु पुलिस ने तकनीकी तरीके से जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी राजकुमार चौधरी द्वारा इस लूट की घटना को देखते हुए सभी अज्ञात आरोपियों पर दस दस हजार रूपए की ईनामी राशि घोषित कर रखी थी।

**पुलिस टीम में यह रहे शामिलः-** इस घटना का पर्दाफाश करने में सीआई खटाना के साथ अनुसंधान अधिकारी संपतराज वैष्णव, हैड कांस्टेबल सत्येंद्रसिंह, रणवीरसिंह, हीरसिंह, शक्तिसिंह, युवराजसिंह एवं गोविंदसिंह कांस्टेबल की अहम भूमिका रही हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ पर स्कूली विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया



स्कूली विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया।

**छबड़ा** (निसं)। सफलता सीनियर सैकण्डरी स्कूल द्वारा गायत्री शक्तिपीठ परिसर पर गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी मानसिंह धनोरिया, गंगाधर मौर्य व ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर के सानिध्य में पौधरोपण किया। यहां छात्र-छात्राओं ने मंदिर परिसर में लगभग विभिन्न प्रजाति के 50 पौधे रोपे।

इस अवसर पर स्कूल के डारेक्टर मुकेश कुमार मौर्य, अध्यापक मुरारीलाल सुमन, मुकेश कुमार शर्मा, सोनम रावल, ग्राम सेवक प्रीतम मेहता, नवल प्रजापत, परिवारजक रामसिंह मीणा आदि उपस्थित रहे। ट्रस्टी धनोरिया ने कहा कि अन्य विद्यालयों को भी इससे अनुकरण कर सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण कर प्रकृति में योगदान करना चाहिए।



**छबड़ा में सी.बी.ई.ओ. के मार्गदर्शन में नीमथुर बालाजी परिसर में एक अगस्त से सात अगस्त तक ब्लॉक स्तरीय आत्मरक्षा तकनीकों पर आधारित सात दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। हनुमानप्रसाद शर्मा, एसआरजी श्वेता गालव के अनुसार केआरपी रेखा यादव, रजनी शर्मा, श्वेता गालव ने योगा एवं प्राणायाम से शुरुआत कर मध्यान्तर पूर्व तक कराटे में हैण्ड मूमेंट की जानकारी, कराटे में हैण्ड मूमेंट का अभ्यास मध्यांतर बाद जेंडर समानता एवं महिला सशक्तिकरण पर संभागियों को विस्तार से जानकारी दी। संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर ने कहा कि युग बदल रहा है और सुरक्षा का भय सबके साथ है। कई बालिकाएं सुरक्षा के भय की वजह से अध्ययन छोड़ देती है, यह प्रशिक्षण बालिकाओं को सम्बलन प्रदान करेगा।**

## शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी का अखंड कीर्तन 6 को

**बून्दी** (निसं)। श्री वीरभद्र रामलीला कीर्तन मंडल के कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम पारीक व कीर्तन मंडल के महामंत्री सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले 125 वर्षों से अधिक समय से निरंतर तिलक चौक स्थित श्री भवानीशंकर महादेव के शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी का अखंड कीर्तन होता आ रहा है। इसी के तहत 6 अगस्त को रात्रि 9 बजे पंडित सीताराम शर्मा द्वारा समाजसेवी विनोद न्याती के हाथो भवानी शंकर महादेव को पंचामृत से स्नान करवाकर उनका श्रृंगार किया जायेगा। वहीं वैदिक मंत्रोचार के साथ आयोजन से जुड़े पुरुषोत्तम पारीक, सुरेंद्र सिंह, कार्यकारणी सदस्य विनोद सिंह सहित कीर्तन मंडल के सदस्यों द्वारा सामूहिक आरती उतारी जायेगी। इसके बाद श्री गणेश जी के साथ सभी आराध्य भगवान के पांच भजन गाकर शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी का अखंड कीर्तन आरंभ किया जायेगा। साथ ही प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# फायरिंग के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रामगंजमंडी** (निसं)। सुकेत पुलिस ने फायरिंग के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण करन शर्मा ने बताया कि जिला कोटा ग्रामीण के थाना सुकेत में चार जुलाई 2024 को हुई फायरिंग के मामले में फरार आरोपी वसीम बेग पुत्र राशिद बेग जाति मुसलमान (38) निवासी नयापुरा मौहल्ला सुकेत जिला कोटा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

फरियादि यासीर खान निवासी सुकेत ने चार जुलाई 2024 को थाना सुकेत पर उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की कि चार जुलाई 2024 को रात्रि में लगभग एक बजे मैं अपने मजदूर को कोटा रोड फैक्टरी से उसके घर जुल्मी रोड पर उसको छोडने के लिए जा रहा था जैसे ही मैं रामगंजमंडी रोड सोनाली स्कूल के सामने पंहुचा तो विनोद योगी व तौकिर उर्फ सीमेंट दोनों मेरी बाईक के आगे अपनी मोटरसाइकिल लगा दी और मुझे जान से मारने की नियत से विनोद योगी ने पिस्टल निकाल कर मेरे उपर फायर किया। जिससे मेरे दांए पैर में घुटने के नीचे पींडली में गोली लगी।जिससे मैं नीचे गिर गया।उसके बाद दोनों वहां से भाग गये।इत्यादि पर थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया



सुकेत पुलिस ने फायरिंग के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्त में लिया।

मामले को गम्भीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण रवीन्द्र सिंह के सुपरविजन वृताधिकारी वृत रामगंजमंडी नरेन्द्र कुमार पारीक के निर्देशन में थानाधिकारी थाना सुकेत रघुवीर सिंह उनि के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया तथा फायरिंग के आरोपियों को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार करने हेतू दिशा-निर्देश दिये गये।

गठित विशेष टीम द्वारा फायरिंग के मामलें में फरार आरोपी को उनके मिलने वालों रिस्तेदारों आदि हर जगह मिलने वाली संभावित जगहों पर लगातार दबिश दी गयी। उसकी गतिविधियों पर निगरानी हेतू मुखबीर मामूर किये गये तथा तकनिकी अनुसंधान व पूर्व अनुभव से फरार आरोपी के सबंध में जानकारी जुटाई गई। टीम द्वारा अपने मुखबीर तंत्र तथा कार्यकुशलता से फरार आरोपी को डकनिया रेल्वे स्टेशन कोटा से डिटेन किया गया तथा थाना सुकेत लाकर प्रकरण में पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया।

## बिरला आज दौरे पर

**बूंदी** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा-बूंदी के केशोरायपाटन क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। बिरला बूंदी के दौरे पर नागरिक अभिनंदन समारोह में शिरकत करेंगे। समारोह कार्यक्रमानुसार बिरला आज सुबह 7.30 बजे गिरधरपुरा, सीन्ता, मेहराना, तीरथ, भवानीपुरा गामछ, गुडला मोड़, गुड़ला, पटोलिया, 9.30 बजे पुराना तहसील रोड होते हुए केशवरायजी मंदिर दर्शन मुलाकात करेंगे।

## सार-समाचार

### 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान का पहला चरण कल से

**रामगंजमंडी** (निसं)। मानसून के दौरान व बाद में मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम को लेकर जिले में अभियान स्वास्थ्य दल आपके द्वार का प्रथम चरण 5 से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की सहभागिता से मच्छररोधी गतिविधियां की जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने अभियान में अंतर विभागीय समन्वय कर सभी संबंधित विभागों से आवंटित कार्य करवाने के निर्देश सभी जिला कलेक्टर को जारी किए हैं।अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीमों द्वारा घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन, एंटीलारवल, एंटीएडल्ट व आईईसी गतिविधियां करवाने, बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिका बनाने, गतिविधियों की रिपोर्टिंग मरुधर एप के माध्यम से करवाने आदि अन्य कार्य सम्पादित किए जाएंगे।नगर निगम को नालियों की सफाई, गंदे पानी के स्त्रोंतों में एमएलओ डलवाने, फॉगिंग करवाने, गड्ढे भरवाने, लार्वा मिलने पर नोटीस व चालान की कर्रवाई करवाने सहित अन्य कार्य आवंटित किए गए हैं।अभियान में अन्य विभागों नागरिक सुरक्षा, चिकित्सा शिक्षा, ईएसआई हॉस्पिटल, रेलवे हॉस्पिटल, आयुर्वेद विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, शहरी विकास एवं हाउसिंग बोर्ड व आवासन मंडल, नर्सेज कॉउंसिल, शिक्षा विभाग को भी विभिन्न कार्य आवंटित किए गए हैं।

### विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया

**बून्दी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग में शुक्रवार को विविध विषयों पर सेमिनार प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभाग अध्यक्ष राहुल सक्सेना की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनीता यादव रही। कार्यक्रम में भूगोल विभाग के शोधार्थियों ने विविध विषयों का चयन करते हुए उन विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिया। शोधार्थियों द्वारा नगरीकरण की समस्याएं, स्मार्ट सिटी तथा नगर नियोजन, मृदा संरक्षण, जल संरक्षण की विधियां, अपशिष्ट का निपटान आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। विभागाध्यक्ष राहुल सक्सेना ने विद्यार्थियों को अपने शोध के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहते हुए उसमें सुधार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रस्तुतिकरण शोधार्थियों की क्षमता को बढ़ाते हैं। संचालन डॉ. भारतेंदु गौतम ने किया तथा डॉ. जुबेर खान ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. पीसी उपाध्याय, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. रोहिणी माहेश्वरी, डॉ. वंदना आकोदिया, डॉ. दिलीप राठौड़, दिनेश कुमार शर्मा मौजूद रहे।

### निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के धरनावदा रोड पर स्थित मुसाफिरखाना की भूमि को लेकर नगर पालिका द्वारा नोटिस दिए जाने की कार्रवाई से पूर्व विधायक करणसिंह राठौड क्षुब्ध हैं। उन्होंने भाजपा पर समुदाय विशेष को परेषान का आरोप लगाया हैं और कडी निंदा करते हुए छबड़ा में सभी के साथ समान रूप से निश्पक्ष कार्रवाई की मांग की। राठौड ने कहा कि मुसाफिर खाना को एक व्यक्ति की संस्था नहीं है। यह सारे मुस्लिम समुदाय के लिए बनाई गई संस्था है। जिसमें मेरे कार्यकाल में 10 लाख रुपए विधायक कोष से दिए गए थे, जिसका निर्माण कार्य उक्त भूमि पर सार्वजनिक उपयोग के लिए किया गया था। राठौड ने जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर नगरपालिका द्वारा समुदाय विशेष को परेशान करने के उद्देष्य से की जा रही कार्रवाई में गलत बताया हैं। वही, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर नियमानुसार राषि जमा करवाकर पट्टा दिलाने एवं नगर पालिका द्वारा मुस्लिम छात्रावास के विरूद्ध कार्रवाई नही किए जाने की मांग की।

### महादेव की पालकी कल निकलेगी

**छीपाबड़ौद** (निसं)। सावण मास में तीसरे सोमवार पांच अगस्त 2024 सोमवार को कांवड़ यात्रा व नीलकंठ महादेव की पालकी निकाली जाएगी त्रिलोक सोनी ने बताया कि कावडयात्रा एवं पालकी चौथ माता मंदिर पसार मोहल्ले से दोपहर 12 बजे रवाना होगी जिसका मार्ग चौथ माता से तेजमल जी जोशी की गली.बलायराम जी.देव दूध डेयरी, राज मंदिर, पुरानी तहसील, सब्जी मंडी, कोटा वाले सर्राफ के पीछे से मंगूचाचा के मकान से नीलकंठ महादेव मंदिर पर पहुंचेगी जहां कावडीयो दारा जलाभिषेक किया जाएगा और रात्रि 8:30 बजे महाआरती का आयोजन भी किया जायेगा।

## गोपरनाथ महादेव से छठवीं कावड़ यात्रा रावतभाटा आई

**रावतभाटा,** (निसं)। उपखण्ड में सावन महीने की छठवीं कावड़ यात्रा षुक्रवार को गोपरनाथ महादेव कोटा से रावतभाटा आई। नगर के पांच मन्दिरों में जल अभिषेक किया गया, जिसमें बडौलिया मंदिर, महापालेश्वर मंदिर, गुरु गणपति ज्ञान मंदिर, अनोखे राज हनुमान मंदिर, मानव मंदिर में जल अभिषेक किया गया। मानव मंदिर महासभा की और से मानव मंदिर में बड़ी संख्या में कावड यात्रियों का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया, व आरती पंडित चंद्र प्रकाश के द्वारा की गई व अभिषेक प्रकाश गर्ग के द्वारा करवाया गया। बीजेपी के कार्यकर्ता वह आमजन के द्वारा स्वागत किया गया, अभिषेक के बाद में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कावड यात्रियों में संचालक करता में शुभम बैरागी, बिट्टू, शैलेंद्र गौड, आकाश सोनी, सुमित, पीयूष, दीपू यादव, खुशाल, दीपक, यशवंत, मोहित, भारती, सुनीता, कंचन भाई, कमला बाई आदि लोगों का स्वागत करने वालों में महासभा के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कडवासरा, कोषाध्यक्ष प्रहलाद माली आदि मौजूद रहे।

## विशेष शिविर आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। निर्वाचन विभाग की और से 17 से 18 वर्ष के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए शहर के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर लगाए गए हैं। परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में बूथ संख्या 282 से बीएलओ नवल वर्मा, 283 से विशंभर मीणा, 284 से हश्वर्धन मौजूद रहे। इस दौरान शिविर में मौजूद पार्षद मनीष गिरी ने बीएलओ के साथ प्रधानाचार्य से भेट की एवं उन्हे शिविर की जानकारी दी साथ विद्यालय में मौजूद अध्यापकों एवं 12 वी कक्षा में अध्यन कर रहे छात्र-छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप स्मार्ट फोन में डाउनलोड करके मतदाता पहचान पत्र के लिए रजिस्टर करने की पूर्ण जानकारी दी।

# सवा करोड़ से अधिक की कीमत का 850 किलो अवैध डोडा-चूरा जब्त

**रावतभाटा,** (निसं)। जिले के रावतभाटा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बडी कार्यवाही करते हुए एक एम्बुलेंस में भरा सवा करोड से अधिक कीमत का 850 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त किया हैं।

बारिश व घना जंगल होने की वजह से आरोपी पुलिस के हाथ नही लगा। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ व परिवहन की रोकथाम करने के समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी क्रम में रावतभाटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड एवं रावतभाटा पुलिस उपाधीक्षक प्रभुलाल कुमावत के सुपरविजन में रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह षेखावत मय पुलिस जाब्ते में हैड कानि. विक्रम सिंह, कानि. ओमप्रकाश, रमेश व पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा शुक्रवार को हॉस्पीटल रावतभाटा के पास लोकल स्पेशल एक्ट की कार्यवाही की जा रही थी। इसी दौरान एक एम्बुलेंस तेज गति से निकली, जिसका संदिग्ध प्रतीत होने पर पीछा




पुलिस ने अवैध अवैध डोडा-चूरा जब्त किया।

किया तो सरहद जावरा कला से आगे जंगल में एम्बुलेंस को एम्बुलेंस चालक रोड के किनारे छोड कर फरार हो गया। एम्बुलेंस को चैक किया तो एम्बुलेंस में प्लास्टिक के 40 कट्टो में कुल 851.270 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा मिला। एम्बुलेंस व अवैध डोडाचूरा को जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना रावतभाटा पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। मामले में अज्ञात आरोपी पुलिस द्वारा पिछा करने पर अवैध डोडा चूरा से भरी उक्त एम्बुलेंस को रोड के किनारे पर छोडकर बारिश होने से व घना जंगल होने से भाग गया, जिसकी काफी तलाश की गई मगर जंगल में छिपकर भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश जारी है।

# 'बेटियों को संस्कार और परम्परा की गूढ़ता का महत्व समझाएं'

**बून्दी** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब बूंदी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रुक्मिणी मंगल कथा के द्वितीय दिवस शनिवार को कथा व्यास गौवत्स पं विष्णु श्री कृष्ण तनय महाराज ने बताया कि कन्या का जन्म ईश्वरीय कृपा के साथ साथ परम महासौभाग्य से होता है आजकल के समय में जहां हमारी मानसिकता बच्चों को स्वतंत्रता के नाम पर खुले आम तौर पर अभद्रता का प्रदर्शन करने की छूट देने की जो बनी है यह हमारे आने वाले भविष्य की कंटकता बनेगी। इन्होंने कहा कि प्रायः बच्चों को छूट दीजिए लेकिन संस्कारों और परम्पराओं में कोई कमी मत रखिए। आजकल बच्चे मनमर्जी शिक्षा विवाह अपनी विचारधारा के अनुसार करने लगे जो कि बहुत नुकसानदायक है। इन्होंने कहा कि रुक्मिणी जी ने अपने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए जब भाई ओर परिवार के कुछ लोग विपरीत हो गए तो धैर्यता का परिचय देते हुए श्रीकृष्ण की शरणागति ग्रहण की यह बात समझने वाली है कि इस जगत में अगर कोई हमारा है या हमारा सच्चा साथी और साथ निभा सकता है तो वह मात्र और मात्र श्रीकृष्ण ही हैं उनके अलावा और किसी पर भी भरोसा प्रकट न कीजिए। कथा के दौरान चंदेरी के राजा शिशुपाल की बारात का सुंदर वर्णन किया गया। अध्यक्ष भगवान बाहेती , राजेश बहेड़िया,रेणु बाहेती , गरिमा बहेड़िया ने आरती की। कथा श्रवण करने आये विधायक हरिमोहन शर्मा का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कथावाचक विष्णुश्री कृष्णतनय के गाये भजन मोहन से दिल क्यो लगाया है ये में जानू या वो जाने मिलता भी है वो मिलता भी नही ये कैसा जादू चलाया है ये में जानू या वो जाने पर राहुल लखोटिया, डॉ बद्रीविशाल

■ तीन दिवसीय रुक्मणी मंगल कथा का समापन आज

मुंदडा, पल्लव नुवाल, आशीष जाजू, बालकृष्ण जाजू, गोपाल गुप्ता, विनोद तोतला, अंकित नुवाल, शुभम जागेटिया, रंजना जाजू, भावना कासट,किरण लखोटिया, अंशु तोतला आदि ने भजनों पर नृत्य किये। रविवार को कथा का समापन प्रसादी वितरण के साथ होगा।



अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब बूंदी द्वारा रुक्मिणी मंगल कथा आयोजित की गई।